वर्ष- 02 अंक- 328
छपरा
13 अक्टूबर सोमवार 2025

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



## बिहार में एनडीए ने किया सीट शेयरिंग का ऐलान

# भाजपा 101, जेडीयू- 101, चिराग को 29, उपेंद्र कुशवाहा-मांझी को 6-6 सीटें

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर NDA ने रविवार को सीट शेयरिंग की घोषणा कर दी है। बीजेपी 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, वहीं जदयू 101 सीटों पर लड़ने जा रही है। जबकि चिराग पासवान की पार्टी LJP (R) 29 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (HAM) को 6 और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी RLM को 6 सीटें दी गई हैं। सीट शेयरिंग के बाद NDA ने कल यानी सोमवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। सीट शेयरिंग में चिराग की जिद के आगे से पहले 40 सीटों की डिमांड करने वाले जीतन राम मांझी ने 6 सीटें मिलने पर कहा- मैं संतुष्ट हूं। हालांकि इसके बाद मांझी ने तीखे तेवर दिखाए हैं। उन्होंने कहा, आलाकमान ने जो फैसला लिया है वो स्वीकार है। हमें सिर्फ 6 सीट देकर उन्होंने हमारी अहमियत कम आंकी है। इसका असर NDA पर पड़ सकता है। मांझी की पार्टी ने 4 सीटों पर कैंडिडेट्स का भी ऐलान कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इमामगंज से दीपा मांझी, बराचट्टी से ज्योति देवी, टेकारी से अनिल कुमार और सिकंदरा से प्रफुल्ल कुमार मांझी को टिकट दिया गया है।

**बीजेपी-जदयू अब बराबर के भाई :** 2005 से लेकर पिछले विधानसभा चुनाव तक JDU ने हमेशा बीजेपी से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ा है। JD पिछले 4 चुनाव में हमेशा बड़े भाई की भूमिका में रहता था। 2020 में ही जदयू 115 और बीजेपी 110 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, लेकिन 2025 विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियां 101-101 सीटों पर लड़ेंगी। अब दोनों बराबर वाले भाई हो गए हैं।

**चिराग पासवान के खाते की 29 सीटें-** चिराग पासवान बखरी, साहिबपुर कमाल, तारापुर, रोसड़ा, राजा पाकड़, लालगंज, हायघाट, गायघाट, एकमा, मढ़ौरा, अगिआंव, ओबरा, अरवल, गया, हिसुआ, फतुहा, दानापुर, ब्रह्मपुर, राजगीर, कदवा, सोनबरसा, बलीरामपुर, हिसुआ, गोविंदपुर, सिमरी बख्तियारपुर, मखदूमपुर, कसबा, सुगौली, मोरवा से चुनाव लड़ेंगे।

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले- हम NDA के ऐलान का इंतजार कर रहे थे-** महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि, हम NDA की सीट शेयरिंग की घोषणा का इंतजार कर रहे थे उसी हिसाब से हमारा काम होगा। हम दिल्ली जा रहे हैं।

## असदुद्दीन ओवैसी ने फिर किया 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन

### बोले- देश के लिए गए थे, पीएम के लिए नहीं



**नई दिल्ली,एजेंसी।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भारत द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की खुलकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बार-बार गलतियां करता है, इसलिए भारत को सतर्क रहना होगा। ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा देश के पक्ष में खड़ी है और उन्होंने विदेश में जाकर देश की बात रखी, न कि प्रधानमंत्री के लिए। ओवैसी उन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल थे जिन्हें भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद साझेदार देशों में भेजा था ताकि दुनिया को भारत की आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस नीति के बारे में बताया जा सके।

**देश के लिए गए थे, प्रधानमंत्री के लिए नहीं-** ओवैसी ने कहा कि हम हमेशा देश का पक्ष रखने के लिए तैयार हैं। हम प्रधानमंत्री के लिए नहीं, देश के लिए गए थे। जब पहलगाम में इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ, तो यह स्वाभाविक था कि देश की ओर से एकजुट होकर जवाब दिया जाए।

## संवैधानिक सुरक्षा उपायों ने सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित किए : बीआर गवई



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि न्याय का सच्चा अर्थ, सबसे कमजोर व्यक्ति की रक्षा में है। कानून का शासन निष्पक्षता, गरिमा और समानता के साधन के रूप में कार्य करना चाहिए। अपना उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनका जीवन समानता की परिवर्तनकारी ताकत को दिखाता है। हाशिए पर पड़े समुदाय में जन्म लेने के बाद कैसे संवैधानिक सुरक्षा उपायों ने न केवल सुरक्षा बल्कि सम्मान, अवसर और मान्यता सुनिश्चित किए।

## जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की लिस्ट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। रविवार को जारी सूची में तीन उम्मीदवारों के नाम हैं जिनमें गुलाम मोहम्मद मीर, राकेश महाजन और शत शर्मा शामिल हैं।

शत शर्मा वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख हैं। वे तीसरी अधिसूचना के तहत राज्यसभा चुनाव लड़ेंगे, जहाँ भाजपा को नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के सत्तारूढ़ गठबंधन पर संख्यात्मक रूप से बढ़त हासिल है। जिस सीट से शर्मा चुनाव लड़ेंगे, उस पर भाजपा के पास 28 वोट हैं, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के पास 24 वोट हैं।

# बंगाल मेडिकल स्टूडेंट गैंगरेप केस 3 आरोपी गिरफ्तार,2 फरार

- पीड़ित का दोस्त भी हिरासत में ; मोबाइल टावर लोकेशन से चला रेपिस्ट्स का पता



**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 2 आरोपी अभी भी फरार हैं। सभी पास के गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास पीड़ित का मोबाइल था। इससे कॉल किया गया था। टावर लोकेशन से आरोपियों की जानकारी मिली। पुलिस के मुताबिक, घटना कोलकाता से 170 किमी दूर दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने 10 अक्टूबर की रात 8 से 10 बजे के बीच हुई। पीड़ित अपने दोस्त के साथ डिनर के लिए निकली थी। कैंपस गेट पर 3 युवक खड़े थे। पीड़ित के मुताबिक, युवकों ने उसका मोबाइल छीना, फिर बाल पकड़कर कैंपस गेट के सामने जंगल में घसीटकर ले गए। तीनों ने उसका रेप किया। इस दौरान उसका दोस्त वहां से भाग गया था। पुलिस ने बताया, पीड़ित ओडिशा की रहने वाली है और एमबीबीएस 2nd ईयर की स्टूडेंट है। डिप्टी मजिस्ट्रेट और दुर्गापुर SDO रंजना रॉय ने पीड़ित से मुलाकात की। उन्होंने कहा- छात्रा का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। उसकी हालत स्थिर है। उसका परिवार साथ है। लड़की के दोस्त और उसके साथियों इसके शामिल होने के आरोप परिवार ने लगाए हैं। पीड़ित के दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### दुर्गापुर गैंगरेप मामले में ममता का अजीबोगरीब बयान, कहा-दूसरे राज्यों से आई लड़कियों को देर रात बाहर नहीं जाना चाहिए



**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में ओडिशा की मेडिकल छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अजीबोगरीब बयान दिया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन को चुस्त करने के बजाय उन्होंने नसीहत दी है कि दूसरे राज्यों से बंगाल आई लड़कियों को रात के समय बाहर नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं, खासकर राज्य के बाहर से आने वाली लड़कियों को रात में बाहर नहीं जाना चाहिए और हॉस्टल के नियमों का पालन करना चाहिए। विपक्षी दलों ने सवाल खड़े किए हैं। ममता बनर्जी ने रविवार को कोलकाता हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए कहा, यह एक चौंकाने वाली घटना है। हमारी सरकार का ऐसे अपराधों के प्रति शून्य सहिष्णुता का रुख है। तीन आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं और बाकी की तलाश जारी है। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। लेकिन इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि जो छात्राएं हॉस्टल में रहती हैं, खासकर जो बंगाल के बाहर से पढ़ने आई हैं, उन्हें हॉस्टल के नियमों का पालन करना चाहिए। उन्हें देर रात बाहर नहीं निकलना चाहिए, भले ही उन्हें कहीं जाने का मौलिक अधिकार हो।

# चिदंबरम बोले- ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था,ये केवल इंदिरा गांधी का फैसला नहीं था

### उन्होंने इसकी कीमत जान देकर चुकाई

**कसौली,एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा, जून 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाया गया ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। हालांकि, यह फैसला अकेले इंदिरा गांधी का नहीं था। इसमें आर्मी, पुलिस, इंटेलिजेंस और प्रशासनिक अफसर भी शामिल थे। ऑपरेशन ब्लू स्टार पर बीते 6 महीने दूसरी बार बड़ा बयान आया है। इससे पहले 4 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वे कहते नजर आए थे कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।

**खुशवंत सिंह लिटरेचर फेस्टिवल में शामिल हुए थे**



**चिदंबरम :** इंडिया एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, चिदंबरम शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली पहुंचे थे। यहां 'खुशवंत सिंह लिटरेचर फेस्टिवल' में पत्रकार हरिंदर बावेजा की किताब They Will Shoot You, Madam की चर्चा में शामिल हुए। बावेजा के कमेंट- इंदिरा गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के अपने फैसले की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

**चिदंबरम बोले- पंजाब की असली समस्या उसकी आर्थिक स्थिति :** चिदंबरम ने बुक की चर्चा के दौरान कहा कि मेरे पंजाब दौरों के दौरान मुझे महसूस हुआ कि खालिस्तान या अलगाव की राजनीतिक मांग अब लगभग खत्म हो चुकी है। आज की मुख्य समस्या आर्थिक है सबसे अधिक अवैध प्रवासी पंजाब से ही हैं।

### ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए इंदिरा गांधी को दोष मुक्त नहीं किया जा सकता : सिरसा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने रविवार को एक्स पर वीडियो पोस्ट करके कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दोष मुक्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सिखों के पवित्र स्थान पर तोप के गोलों से हमला कराया था। सिख समुदाय उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। मंत्री सिरसा ने कहा कि जब पी चिदंबरम जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता यह स्वीकार करते हैं कि ऑपरेशन ब्लू स्टार श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में प्रवेश करने का एक गलत रास्ता था, तो यह कांग्रेस की उस ऐतिहासिक भूल को उजागर करता है जिसने सिख समुदाय को गहरा आघात पहुंचाया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी से दोष हटाने का पी चिदंबरम का प्रयास अस्वीकार्य है। मंत्री सिरसा ने कहा कि सिखों के सबसे पवित्र धर्मस्थल स्वर्ण मंदिर को अपवित्र करने का आदेश देने की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी किसी और की नहीं, बल्कि उस समय के राजनीतिक नेतृत्व की है। उन्होंने कहा कि न्याय अर्धसत्य या चुनिंदा अपराधबोध से नहीं मिलता। आदेश देने वालों को दोषमुक्त करने के लिए इतिहास को दोबारा नहीं लिखा जा सकता।

### ट्रम्प की मौजूदगी में होगी इजराइली बंधकों की रिहाई,मिस्र में 20 से ज्यादा देशों के नेता जुटेंगे ; हमास का शामिल होने से इनकार



**वॉशिंगटन,एजेंसी।** गाजा सीजफायर समझौते के पहले चरण के तहत 48 बंधकों की रिहाई सोमवार सुबह से शुरू हो सकती है, जिनमें से 20 जीवित व्यक्ति और 28 शव सौंपे जाएंगे। इजराइली सेना ने शुक्रवार दोपहर तक गाजा से अपनी प्रारंभिक वापसी पूरी कर ली, जिसके बाद हमास को 72 घंटे का समय दिया गया है। वहीं, सोमवार को मिस्र में गाजा युद्ध समाप्त करने के समझौते पर चर्चा होगी। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित 20 से अधिक विश्व नेता भाग लेंगे। दूसरी ओर, हमास ने मिस्र में सोमवार को होने वाले गाजा पीस समिट के आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह (दूसरा चरण) में शामिल होने से इनकार कर दिया है। संगठन के वरिष्ठ नेता होस्साम बडरान ने कहा कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की योजना के कुछ हिस्सों से असहमत हैं।

# मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद



**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए अलग-अलग अभियानों में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के तीन कैडरों को पिछले 24 घंटों के दौरान गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एवं अन्य एक अभियान में भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया गया है।

मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा आज जारी एक बयान में बताया गया है कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के याइरीपोक थानांतर्गत याइरीपोक बाजार से केसीपी (अपुनबा) के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान थौबल जिलांतर्गत याइरीपोक लीरोंगथेल माखा लीकाई निवासी खुमानथेम नाओचा (33) के रूप में की गयी है। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा बलों ने बिष्णुपुर जिले के बिष्णुपुर थानांतर्गत बिष्णुपुर वार्ड नंबर 6 से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय कैडर मोइरंगथेम मोहन सिंह उर्फ परी (42) को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक एसएम कार्बाइन और एक मैगजीन, दो एके सीरिज के मैगजीन, 24 राउंड एके सीरिज के कारतूस, एक छद्म टी-शर्ट और एक मोबाइल और 2 सिम कार्ड बरामद किया गया है।

इसी कड़ी में सुरक्षा बलों ने बिष्णुपुर जिले के मोइरांग थानांतर्गत ओम्बा हिल क्रॉसिंग क्षेत्र से केसीपी (ताइबांगनबा) के एक सक्रिय कैडर, बिष्णुपुर जिले के चांदपुर मयाई लीकाई निवासी हेइसनम सनाथोई मैतेई उर्फ नानाओ (36) को गिरफ्तार किया। वह मोइरांग क्षेत्र में जनता से जबरन वसूली में शामिल था। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और एक दोपहिया वाहन जब्त किया गया। जबकि, एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई थानांतर्गत खोंगाखुल और लोंगा कोइरेंग गांवों को जोड़ने वाले नगैरंगबाम लौकोन आईवीआर से भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया। बरामद हथियारों में एक .303 राइफल एक मैगजीन के साथ, एक संशोधित .303 राइफल एक मैगजीन के साथ, पांच पिस्तौल एक-एक मैगजीन के साथ, पांच हेलमेट, चार बीपी वेस्ट कम मैगजीन पाउच, आठ प्लेटें जिनके बीपी के रूप में इस्तेमाल होने का संदेह है, एक बाओफेंग हैंड हेल्ड सेट अपने चार्जर के साथ, 10 जोड़ी छलावरण पैंट और संबंधित छलावरण शर्ट और चार बैग शामिल हैं।

### तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आरक्षणः

# हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सरकार, कांग्रेस को लगा है झटका

**नई दिल्ली,एजेंसी।** तेलंगाना की कांग्रेस सरकार हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रही है। हाईकोर्ट ने स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों (बीसी) को 42 फीसदी आरक्षण देने वाले सरकारी आदेश (जीओ) पर अंतरिम रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट की अंतरिम रोक के बाद मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को अपने कैबिनेट सहयोगियों, तेलंगाना में एआईसीसी की पार्टी मामलों की प्रभारी मीनाक्षी नटराजन और कांग्रेस नेता व वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी के साथ आगे की कार्रवाई पर चर्चा की।



कांग्रेस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सरकार पिछड़े वर्गों को 42 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करना चाहती है और जल्द ही इस आदेश को लागू कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी।

इस बीच, राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के सूत्रों ने शनिवार को कहा कि आयोग हाईकोर्ट के आदेश का अध्ययन कर रहा है। आयोग अपने आगे के कदमों को अंतिम रूप देने के लिए कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लेगा। हाईकोर्ट ने नौ अक्तूबर को स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों को 42 फीसदी आरक्षण देने वाले आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। कोर्ट के इस रोक आदेश के बाद तेलंगाना राज्य निर्वाचन आयोग ने उसी दिन घोषणा की कि 29 सितंबर को ग्रामीण स्थानीय निकाय चुनावों के लिए जारी मतदान सूचना और अन्य गतिविधियां तब तक स्थगित रहेंगी, जब तक आगे कोई सूचना नहीं आती।

# 8 पैकेट जहर खाकर मां-4 बच्चों ने किया सुसाइड,सीकर में फ्लैट में सड़ चुकी थी लाशें

### इत्र छिड़ककर अंदर घुसी पुलिस

**सीकर,एजेंसी।** सीकर में एक परिवार के 5 लोगों ने सामूहिक सुसाइड कर लिया। मां ने 3 बेटों और 1 बेटी के साथ फ्लैट में जहर खाकर जान दे दी। घटनास्थल पर जहर के 10 पैकेट मिले हैं, इनमें से 8 का यूज किया गया। मौके से एक लिक्विड जहर भी पुलिस को मिला है।

पति से अनबन के चलते महिला किरण उर्फ पिंकी चौधरी (40) 3 बेटों सुमित (18), आयु (4), अवनीश (2.5) और बेटी स्नेहा (13) के साथ पालवास रोड स्थित अनिरुद्ध रेजिडेंसी में रह रही थी। फ्लैट 1 सप्ताह से ज्यादा समय से बंद था और उससे बदबू आ रही थी।

बिल्डिंग में रहने वाले अन्य लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गेट खोलकर अंदर घुसी तो 5 शव मिले, जो सड़ चुके थे और काले पड़ गए थे।

**इत्र छिड़ककर फ्लैट में घुसी पुलिस टीम :** सीओ धोद सुरेश शर्मा ने बताया- फ्लैट से बदबू आ रही थी। स्थिति इतनी गंभीर थी कि अंदर घुसने में भी कठिनाई हो रही थी। बदबू को कम करने के लिए अगरबत्ती और इत्र का उपयोग किया गया, इसके बाद पुलिस टीम अंदर जा पाई। सुसाइड के कारणों का अभी पता नहीं चला है।



प्राथमिक जांच में सामने आया है कि सभी के शव करीब 5 दिन पुराने हैं। जिस तरह बॉडी पड़ी थी, उससे लगता है कि रात के समय खाने की किसी चीज में जहर मिलाया गया हो। मौके से आटा और कई अन्य सामान भी सबूत के रूप में लिए हैं।



**बच्चों के साथ किराए के फ्लैट में रह रही थी :** जानकारी के अनुसार, किरण निवासी मुंडवाड़ा (सीकर) ने साल 2006 में अपने गांव के ही नेमीचंद से शादी की थी। घरवालों ने किरण का रिश्ता तय कर दिया था, लेकिन उसने घर से भागकर नेमीचंद से लव मैरिज कर ली थी। दोनों के एक बेटा सुमित और बेटी स्नेहा थी।

किरण 2018 में गांव छोड़कर किसी युवक के साथ सीकर में रहने लगी। 2019 में अपने पति नेमीचंद को तलाक दे दिया था। सीकर में रहने के दौरान किरण का संपर्क शैलेश निवासी झुंझुनूं से संपर्क हुआ और दोनों ने शादी कर ली। दोनों के 2 बेटे आयु और अवनीश थे।

**दूसरे पति के खिलाफ रेप केस दर्ज कराया था :** पिछले साल किरण ने अपने पति शैलेश के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज करवा दिया। जब पुलिस ने जांच की तो सामने आया कि किरण ने उससे शादी की थी और उनके 2 बच्चे भी हुए। पुलिस इन्वेस्टिगेशन में मामला भी झूठा पाया गया। तब से किरण बच्चों के साथ किराए के फ्लैट में रह रही थी। करीब 1 साल से वह शैलेश के कॉन्टैक्ट में भी नहीं थी।

# टाटा मोटर सर्विस सेंटर में लगी आग

## दो गाड़ियां पूरी तरह से जलकर राख,दमकम की 5 गाड़ियों ने बुझाई लपटें



**पटना,एजेंसी।** पाटलिपुत्र पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया में आग लग गई है। टाटा मोटर सर्विस सेंटर में आग लगी है। जहां 2 गाड़ियां पूरी तरह से जलकर राख हो गई है। फिलहाल टाटा मोटर सर्विस सेंटर में आग की लपटों पर काबू पा लिया है।

दमकल के पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि लगभग 9-40 पर सूचना मिली कि पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया में एक सर्विस सेंटर में आग लग गई है। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड घटना स्थल पर पहुंची और 20 मिनट के अंतराल में ही आग पर काबू पा लिया गया।

### आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं

इस घटना में सर्विस सेंटर में मौजूद दो गाड़ियां पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। अग्निशमन पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि अग्निशमन की कुल पांच गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और फौरन आग पर काबू पा लिया गया।

आग लगने के करण अभी स्पष्ट नहीं है।

अग्निशमन विभाग की ओर से आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की कोई कैजुअल्टी सामने नहीं आई है।



## पटना-हावड़ा वंदे भारत पर पथराव, शीशा टूटा

**पटना,एजेंसी।** मोकामा पटना से हावड़ा जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर शरारती तत्वों ने पथराव किया। यह घटना बाढ़ और मोकामा के बीच मोर स्टेशन पर हुई। सी-13 बोगी के गेट का शीशा टूट गया। मोर स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव नहीं है। ट्रेन काफी रफ्तार में थी। अचानक हुई पत्थरबाजी से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। जोरदार आवाज के साथ एक शीशा टूट गया। यात्रियों ने घटना की सूचना कंट्रोल को दी। मोकामा स्टेशन पर आरपीएफ ने मामले की जांच की। हालांकि मोकामा से ट्रेन समय पर गंतव्य स्थान के लिए रवाना हो गई। हावड़ा स्टेशन पर क्षतिग्रस्त शीशा को बदला गया।मोकामा आरपीएफ ने अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की है। बाढ़ और मोकामा स्टेशन के बीच इससे पहले भी वंदेभारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी की दो घटनाएं हो चुकी हैं।

# महिला से लूटपाट करने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार वारदात में इस्तेमाल बाइक भी बरामद

## सीसीटीवी से अपराधियों की हुई पहचान



**पटना,एजेंसी।** पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र में एक महिला से लूटपाट के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस संबंध में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने लूटे नगदी और घटना में इस्तेमाल बाइक भी बरामद की है।

घटना तब हुई जब सीमा देवी नामक महिला रामगंज से 49,900 रुपए लेकर लौट रही थी। उन्हें यह राशि शकुंतला देवी ने सीमा देवी के परिवार में बीमार सदस्य के इलाज के लिए दी थी। रास्ते में एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने उन्हें ओवरटेक कर रोका, मारपीट की और उनका थैला छीनकर फरार हो गए।

बदमाशों का पहले से आपराधिक इतिहासःनगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), पटना के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2) के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी-मानवीय अनुसंधान के आधार पर अपराधियों की पहचान की।

छापेमारी कर नीतीश कुमार और कन्हैया कुमार नामक दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर लूट को अंजाम देने की बात कबूल की। उनकी निशानदेही पर लूटी गई 35,500 रुपए नगद राशि और घटना में इस्तेमाल की गई पल्सर बाइक बरामद की गई है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है।

# नाव पलटी, एक की मौत: सिकरहना नदी में तेज हवा की चपेट में आने से दुर्घटना, 15 लोग थे सवार



**मोतिहारी,एजेंसी।** मोतिहारी में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब लखौरा थाना क्षेत्र के लखौरा पुरबारी टोला में सिकरहना नदी में एक नाव पलट गई। इस हादसे में 15 लोग नदी में डूब गए, जबकि एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। रविवार सुबह ग्रामीण पशुओं के लिए चारा लेकर लौट रहे थे, तभी नदी पार करते समय नाव तेज हवा की चपेट में आ गई।

हवा के दबाव से नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह देखते ही देखते नदी के बीचोंबीच पलट गई। मृतक की पहचान कैलाश सहनी (45) के रूप में हुई है। लापता में बाबूलाल साहनी (45) और मुकेश साहनी (26) शामिल हैं।

### ग्रामीणों ने नदी में कूदकर रेस्क्यू किया

घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत नदी में कूदकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से करीब 12 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिन्हें तुरंत स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में भर्ती कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

गुगली साहनी, दिलीप साहनी, जंगली सहनी, सत्यनारायण सहनी, गोपालजी प्रसाद, डिस्को साहनी, राजू साहनी, राधेश्याम साहनी और शिवपूजन साहनी को निकाला गया है।

### सिकरहना नदी में बाढ़ के कारण धारा बेहद तेज

वहीं, 2 लोग अब भी लापता हैं, जिनकी तलाश में स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम सिकरहना नदी के किनारे सर्च अभियान चला रही है। इलाके के लोगों के अनुसार, सिकरहना नदी में हाल ही में आई बाढ़ के कारण धारा बेहद तेज है, जिससे नावों का संचालन खतरनाक हो गया है। बाढ़ का पानी पूरे इलाके में फैला हुआ है और आसपास के कई गांव जलमग्न हैं।

### लोगों से सावधानी बरतने की अपील

स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बिना जरूरत नदी पार न करें और नाव से यात्रा करते समय सावधानी बरतें। फिलहाल, लखौरा थाना पुलिस मौके पर कैंप कर रही है और घटना की जांच में जुटी हुई है। हादसे के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

# पीट-पीटकर बुजुर्ग की हत्या:ओझा गुनी का आरोप लगाकर पड़ोसियों ने पत्थर से सिर कुचला



**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद में पीट-पीटकर बुजुर्ग की हत्या कर दी गई है। ओझा गुनी का आरोप लगाकर पड़ोसियों ने लाठी-डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी।

इसके बाद पत्थर से चेहरे को कुलच दिया। घटना जिले के मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत नयकाडीह महादलित टोला की है। मृतक की पहचान उक्त बालेश्वर भुइयां(65) के तौर पर हुई है। शव घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित तेतरिया पहाड़ के हथिया पत्थर के पास से मिला है। रविवार की सुबह ग्रामीण पहाड़ की ओर गए तो शव देखा, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। कुछ देर बाद थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा दलबल के साथ पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है।

### पत्नी और बहू के सामने घर से घसीटते हुए ले गए थे आरोपी

मृतक के परिजनों ने बताया कि शनिवार की शाम गांव के ही रहने वाले कुछ लोग घर पहुंचे और बालेश्वर के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इसके बाद उसकी पत्नी और बहू के सामने ही घसीटते हुए अपने साथ ले गए। रविवार को उसके शव मिलने की जानकारी मिली।

### बीमारी से एक बच्चे की मौत हुई थी

ग्रामीणों के मुताबिक बालेश्वर भुइयां झाड़ फूंक का काम करता था। गांव में किसी को भी कोई बीमारी होती तो लोग उस पर जादू टोना करने का आरोप लगाते थे। पिछले दिनों गांव के ही नरेश भुइयां के पोता की मौत बीमारी के कारण हुई थी। इसके बाद से उसके घर वाले बालेश्वर पर जादू टोना करने का आरोप लगा रहे थे। इसी अंध विश्वास में शनिवार को 4 से 5 की संख्या में लोग उसे घर से ले गए और पहाड़ की तलहट्टी में ले जाकर मार डाला।

### पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में लिया

थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा जाएगा। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# मोतिहारी में रेलवे ट्रैक पर मिला प्रेमी जोड़ का शव: पटरी के बीच पड़ा सिर

## किनारे धड़, प्लेटफॉर्म पर बैग-चप्पल; लोग बोले- साथ-साथ जान दे दी

**मोतिहारी,एजेंसी।** मोतिहारी में रविवार को रेलवे ट्रैक पर एक युवक-युवती का शव मिला है। ट्रैक के बीच में दोनों के सिर मिले हैं, जबकि किनारे धड़ पड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों की माने तो दोनों का प्रेम संबंध था। युवक और युवती ने ट्रेन से कटकर सुसाइड किया है। प्लेटफॉर्म पर लड़की का बैग और चप्पल मिला है। जबकि लड़के की चप्पल उसके शव के पास पड़ी हुई थी।

जिस हालत में शव मिले हैं, उससे लोग अनुमान लगा रहे हैं कि दोनों एक साथ हाथ पकड़ कर ट्रैक पर सो गए और ट्रेन से कटने से मौत हो गई।

बैग से लड़की का आधार कार्ड बरामद हुआ है। लड़की 21 साल की शोभा कुमारी है, जो कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पिपरा खेल गांव की रहने वाली है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, लड़के की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

ग्रामीणों की सूचना के बाद रेलवे पुलिस और पिपरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची है, लेकिन सीमा विवाद पर शव 2 घंटे तक ट्रैक पर पड़ा रहा है। फिलहाल पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों के एंगल से जांच कर रही है।

### ग्रामीण बोले- ट्रैक पर दोनों सो गए, ट्रेन ने उड़ा दिया

जिस तरह से बॉडी मिली उससे ये आशंका जताई जा रही है दोनों ट्रैक पर सिर रखकर सो गए होंगे। ट्रेन से कटकर दोनों के सिर और धड़ अलग हो गए। सिर ट्रैक के बीच मिला जबकि धड़ ट्रैक के बाहर।

स्थानीय लोगों का भी यही कहना है कि पिपरा थाना क्षेत्र के कुअरपुर चिंतवनपुर रेलवे हाल्ट के पास दोनों ट्रैक पर सोए थे, जिसके बाद दोनों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

### सीमा विवाद में उलझी रही पुलिस

दोनों की लाश मिलने के बाद लाश की पहचान करने और परिजनों को सूचित करने की बजाय, ऋक्ष और पुलिस सीमा विवाद सुलझाने में लगे रहे। फिलहाल रेल पुलिस और पिपरा थाना की टीम संयुक्त रूप से जांच में जुटी हैं।

## पटना जिले में डेंगू के 20 नए मरीज मिले




**पटना,एजेंसी।** में डेंगू का प्रकोप थम नहीं रहा है। शनिवार को 20 मरीज मिले हैं। ज्यादा प्रभावित इलाकों में मुसल्लहपुर हाट, सुल्तानगंज, मछुआटोली, बाजार समिति, संदलपुर, भिखना पहाड़ी, महेंद्रू, रामपुर रोड, खजांची रोड, बोरिंग रोड, राजा बाजार, राजापुर पुल, इंद्रपुरी, आशियाना, दीघा घाट, एसके पुरी, खाजेकलां, मालसलामी, अगमकुआं, हनुमान नगर, भूतनाथ रोड, जगनपुरा, रामकृष्णानगर, चिरैयाटांड़ आदि हैं। ग्रामीण इलाकों में फुलवारी, दानापुर, फतुहा, मनेर, दुल्हिन बाजार, बख्तियारपुर और संपतचक भी मरीज मिल रहे हैं। इस साल अबतक 1021 मरीज मिल चुके हैं। इनमें 724 पुरुष और 297 महिलाएं हैं। अगस्त के बाद मरीजों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई। जनवरी से जून तक 53 ही केस थे। सितंबर में 540 और अक्टूबर के 10 दिनों में 186 नए केस सामने आए। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में संक्रमण कम है। पिछले वर्ष 11 अक्टूबर तक 2271 केस मिले थे। सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है कि अपने घर और आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर, टंकी, गमले आदि की नियमित सफाई करें, पूरा शरीर ढंकने वाले कपड़े पहनें और डेंगू जैसे लक्षण (बुखार, बदन दर्द, प्लेटलेट्स गिरना) पर तुरंत जांच कराएं।

## नालंदा में महिला के सिर में गोली मार कर हत्या :5 लाख रुपए के लेनदेन में बुलेट दागने का आरोप, पुल के पास पानी से मिली लाश

नालंदा,एजेंसी। नालंदा में रविवार की सुबह एक महिला की गोली मार हत्या कर दी गई है। गोली सिर में लगी है। मृतका के बेटे ने कहा है कि 5 लाख रुपए के लिए मां का मर्डर हुआ है। ये जीविका समुह से जुड़ी थी। इन्होंने जीविका की सीएम रेखा देवी को रुपए दिए थे। उन्होंने ही मां का मर्डर किया है। घटना चण्डी थाना क्षेत्र के कोयल विगहा पहाड़पुर जाने वाली सड़क रास्ते के किनारे की है। मृतका की पहचान वेना थाना क्षेत्र के गंगा बीघा गांव की रहने वाली रामप्रवेश यादव की पत्नी सरिता देवी (55) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के बेटे बिपिन कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम जीविका की सीएम रेखा देवी मां को किसी काम के बहाने बुला के घर से ले गई थी। वह देर रात घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन किया गया। लेकिन कहीं अता पता नहीं चल सका। रविवार की सुबह स्थानीय लोगो ने शव मिलने की सूचना दी। शव कोयल विगहा जाने वाले रास्ते मे पुल के पास पानी में फेंका हुआ था। पैसे के लिए हत्या का आरोप आरोप है कि सरिता देवी ने जीविका के सीएम रेखा देवी को 5 लाख रुपए दिया था। इसी विवाद को लेकर रेखा देवी ने घर से बुलाकर सरिता देवी की हत्या कर दी। शव को सड़क किनारे पुल के पास फेंक दिया गया। सरिता देवी भी जीविका से जुड़ी हुई थी। हिलसा एएसपी शैलजा ने बताया कि चण्डी थाना पुलिस को एक महिला के शव मिलने की सूचना मिली है।

# फर्जी क्यूआरकोड भेज निकासी, जॉब के नाम पर ठगी, केस दर्ज



**पटना,एजेंसी।** साइबर अपराधियों ने कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। पीड़ितों ने संबंधित थाने में मामला दर्ज कराया है, जिसमें पुलिस छानबीन कर रही है। सुल्तानगंज के गुलबी घाट निवासी नंदन कुमार ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने कॉल कर कहा कि आपके खाता में 25 हजार रुपए और क्यूआर कोड भेजा है। उसी पर रुपए भेज दीजिए। रुपए आने का मैसेज भी था।

नंदन ने उक्त क्यूआर कोड पर रुपए भेजे। खाता चेक करने पर पता चला कि साइबर ठगी का शिकार हुए हैं। मुजफ्फरपुर निवासी हर्ष राज ने अगमकुआं थाना पुलिस को बताया कि राजेंद्रनगर टर्मिनल के पास ई-रिक्शा पर सवार हुए। उसपर दो व्यक्ति पहले से था। उन्होंने नाक के पास रुमाल रख दिया। होश में आने के बाद देखा कि मोबाइल और मां के नाम का एटीएम कार्ड नहीं है। बाद में पता चला कि एटीएम से 64 हजार रुपए की निकासी हुई है। इनमें 40 हजार एटीएम से जबकि 23 हजार यूपीआई से निकासी हुई है। दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है।

इधर, चौक इलाके में मदरसा गली निवासी मो. कयूम भी साइबर फ्रॉड का शिकार हुए। बताया कि उनके मोबाइल पर अनाधिकार मैसेज, कॉल और एप लॉगइन हुआ।

इसके बाद कॉल और ओटीपी आने लगा। बाद में बैंक का खाता चेक किया तब पता चला कि नौ हजार रुपए की अवैध निकासी हो गई है। नौकरी दिलाने के नाम पर सुल्तानगंज के गुलबी घाट निवासी विशाल भूषण से पांच हजार सात रुपए की ठगी हो गई। युवक ने पुलिस को बताया कि एक बेवसाइट पर जॉब ऑफर देकर अप्लाई किए। मोबाइल नंबर पर कई दफा बात भी हुई। रजिस्ट्रेशन के नाम पर किस्तों में पांच हजार सात रुपये लेने के बाद फिर से रुपए मांगे गए। उक्त नंबर में कई दफा संपर्क करने पर भी जबाव नहीं मिला। युवक ने इसकी शिकायत साइबर सेल और सुल्तानगंज थाना की पुलिस से की है।

## साइबर फ्रॉड गिरोह के 13 अपराधी गिरफ्तार



**पटना,एजेंसी।** एसटीएफ और पटना पुलिस की टीम ने शास्त्रीनगर इलाके के पिलर नंबर 21 के पास स्थित मातृ होटल और बैंक्वेट में छापेमारी कर 13 साइबर फ्रॉड को गिरफ्तार किया। इनके मोबाइल में दर्जनों संदिग्ध खाते मिले हैं। जांच में पता चला है कि इस गिरोह ने कुछ महीनों में निजी कंपनी से लोन दिलाने, बिटक्वाइन में निवेश कराने, ऑनलाइन जॉब देने, टेलीग्राम पर टास्क देने, ऑनलाइन गेमिंग आदि के नाम पर 14 करोड़ 10 लाख 36 हजार 261 रुपए की ठगी की है।

हर महीने 20-25 लाख की ठगी करने के बाद एटीएम से रकम निकाल लिया करते थे। गिरफ्तार होने वालों में पटना के रूपसपुर का सरगना कुंदन कुमार, जहानाबाद का रंजीत पासवान, पालीगंज का अमन कुमार, नालंदा का विक्रांत कुमार, गयाजी का सन्नी कुमार, पवन कुमार, मुजफ्फरपुर का अंकित कुमार, ऋषभ कुमार, यूपी का अनुराग वर्मा, प्रह्लाद प्रभात, नरेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, रवि किशोर हैं। साइबर थाने के डीएसपी नीतीश चंद्र धारिया ने बताया कि इनके मोबाइल, उनमें मौजूद खातों समेत गिरोह के बारे में छानबीन की जा रही है।

इनके खिलाफ जम्मू कश्मीर, राजस्थान, दिल्ली, तमिलनाडु समेत कई राज्यों से 40 से अधिक शिकायतें एनसीआरपी के पोर्टल पर दर्ज हैं। इनका नेटवर्क देश के अलग-अलग साइबर फ्रॉडस्टर से जुड़ा है।

### 2 करोड़ से अधिक के ट्रांजेक्शन मिले

पुलिस ने इनके पास से एटीएम कार्ड, अलग-अलग लोगों के नाम से खाते, डिजिटल डॉक्यूमेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बरामद किए हैं। अभी तक की जांच में अलग-अलग खाते से 2 करोड़ से भी अधिक के ट्रांजक्शन मिले हैं। फिलहाल पुलिस लेन-देन की जांच में जुटी है। गिरोह ने 5 हजार से 10 हजार देकर ग्रामीणों से खाता ले लिया था।

# बेंगलुरु, मुंबई, हावड़ा के लिए दिसंबर तक 14 स्पेशल ट्रेनें




**पटना,एजेंसी।** पर्व-त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए बेंगलुरु, लोकमान्य तिलक टर्मिनल एवं हावड़ा के लिए चल रहीं स्पेशल ट्रेनों को पूजा स्पेशल के रूप में चलाया जाएगा। ऐसी 14 स्पेशल ट्रेनें दिसंबर तक चलेंगी। कोई सप्ताह में एक दिन तो किसी का दो दिन परिचालन होगा। डीडीयू- प्रयागराज छिवकी- जबलपुर- नागपुर- पेरम्बुर के रास्ते दानापुर और एसएमवीवी, बेंगलुरु के मध्य चलाई जाएगी।

उधर, पटना आने वाली वंदे भारत में कमोबेश टिकट कन्फर्म मिल रहा है। हावड़ा-पटना में 13 अक्टूबर से सीट उपलब्ध है। न्यू जलपाईगुड़ी-पटना वंदे भारत में 15, 16, 20, 22 और 25 अक्टूबर तक सीट उपलब्ध है। लखनऊ गोमतीनगर-पटना वंदे भारत में सिर्फ 20 अक्टूबर को सीट है। 13 से 25 अक्टूबर तक वेटिंग है। टाटा-पटना वंदे भारत में 13 अक्टूबर से सीट उपलब्ध है। वहीं, दिल्ली-पटना वंदे भारत स्पेशल में सीट नहीं है। 180 तक वेटिंग टिकट पहुंच गया है।

### कौन ट्रेन कब चलेगी

- 03247/03248 दानापुर-एसएमवीवी स्पेशल 27 दिसंबर तक हर गुरुवार को चलेगी।
- 03241/03242 दानापुर-एसएमवीवी स्पेशल ट्रेन 29 दिसंबर तक चलेगी।
- 05557/ 05558 रक्सौल-लोकमान्य तिलक स्पेशल पाटलिपुत्र जंक्शन से गुजरेगी। 27 नवंबर तक चलेगी।
- 05585/05586 सहरसा-लोकमान्य तिलक स्पेशल पाटलिपुत्र जंक्शन पर रुकते हुए जाएगी।

# 2 ऑटो की भिड़ंत, 4 लोग घायल:टक्कर मारने वाला दूसरा ऑटो ड्राइवर मौके से भागा



**सहरसा,एजेंसी।** सहरसा के सोनवर्षा कचहरी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह 2 ऑटो की भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में एक ऑटो पर सवार ड्राइवर सहित 4 लोग घायल हो गए। घायलों में 2 महिलाएं और एक नाबालिग भी शामिल हैं।

यह घटना परमिनिया मोड़ के समीप सुबह करीब 6:00 बजे हुई। बताया जा रहा है कि सामने से आ रही एक बेकाबू ऑटो ने दूसरी ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे टेम्पो पलट गई। टक्कर मारने वाला दूसरा टेम्पो चालक मौके से फरार हो गया।

रसलपुर गांव के वार्ड नंबर 9 के निवासी

घायलों की पहचान ललिता देवी (65), उनकी नतनी नंदनी कुमारी (17), पड़ोसी गायत्री देवी (30) और ऑटो ड्राइवर घनश्याम कुमार (20) के रूप में हुई है। ये सभी बनमा इटहरी थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव के वार्ड नंबर 9 के निवासी हैं।

### सहरसा स्टेशन छोड़ने जा रहे थे

टेम्पो चालक घनश्याम कुमार ने बताया कि वे सभी ललिता देवी को सहरसा स्टेशन छोड़ने जा रहे थे, जो अपने बेटे के पास दिल्ली जाने के लिए सहरसा जंक्शन से वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने वाली थीं। ललिता देवी को पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य घायलों को हल्की चोटें और खरोंच लगी हैं।

स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को ऑटो से बाहर निकाला गया और सहरसा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है।

# धन्वंतरि पूजा के साथ आयोजित संगोष्ठी में आयुर्वेदिक चिकित्सा को घर-घर तक पहुंचाने पर बल




## ● आयुर्वेदानुरागी संगोष्ठी में आयुर्वेद प्रेमियों ने साझा किए विचार

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** आयुर्वेदिक चिकित्सकों व दवा दुकानदारों के संयुक्त प्रयास से रविवार को धन्वंतरि पूजा एवं आयुर्वेदानुरागी संगोष्ठी का आयोजन शहर के बैंक कॉलोनी भगवान बाजार स्थित अशोक सिंह के हाता में धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सक, आयुर्वेद प्रेमी एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 'आधुनिक चिकित्सा पद्धति में आयुर्वेद का प्रभाव' विषय पर अपने विचार रखे। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संजय कुमार सिंह ने कहा कि आयुर्वेद प्रेमियों को एक साझा मंच पर लाना समय की मांग है। उन्होंने डॉ. राजेश कुमार डाबर व कविराज उत्तम कुमार कूंडू की दूरदर्शी सोच की सराहना की, जिसके परिणामस्वरूप यह संगोष्ठी संभव हो सकी। इस दौरान डॉ. ओमप्रकाश मिश्रा, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. आर.के. वर्मा, डॉ. विद्या सिंह, विशाल कुमार सहित कई चिकित्सकों ने आयोजन समिति की सराहना की।

वहीं हर्ब ज्योति नेचुरल के संस्थापक डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि शुभांजलि स्किल मिशन ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित इस आयुर्वेदानुरागी संगोष्ठी का आयोजन प्रत्येक दो महीने पर होना चाहिए। ताकि आयुर्वेद प्रेमी लगातार स्वास्थ्य लाभ लेते रहें। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह के आयोजन जिला स्तर पर और फिर राष्ट्रीय स्तर तक किए जाएं, तो आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति एक बार फिर घर-घर में स्थापित हो सकेगी। कार्यक्रम में हर्ब ज्योति नेचुरल के विशेष उत्पादों क्रमशः मधुनाशक चूर्ण, ज्वर पित्त सुष्टि नाशक क्वाथ आदि आदि आयुर्वेद प्रेमियों के बीच निःशुल्क वितरित किए गए। डॉ. राजीव रंजन ने इन अपकमिंग प्रोडक्ट्स के गुणों पर विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि व जदयू नेता अशोक सिंह ने कहा कि 10,000 वर्ष पुरानी आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के आधुनिक शोध को बढ़ावा देना आज की आवश्यकता है। कार्यक्रम का समापन कविराज उत्तम कुमार कुंडू द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजेश डाबर ने किया।

# तरैया में फिर से खिलेगा कमल, बिहार में प्रचंड बहुमत से बनेगी एनडीए की सरकार- सारंग

**दैनिक खोज खबर/ इसुआपुर(सारण)।** आसान विधानसभा चुनाव में तरैया विधानसभा में फिर से कमल खिलेगा। इसके साथ ही बिहार में प्रचंड बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। उक्त बातें मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं युवा कल्याण मंत्री सह महाराजगंज संसदीय क्षेत्र के चुनाव प्रभारी विश्वास कैलाश सारंग ने इसुआपुर के डोईला गांव स्थित तरैया विधान सभा के प्रधान कार्यालय परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। साथ ही इस पार्टी का सबसे बड़ा संगठन भी है। इसी संगठन तथा कार्यकर्ताओं की बदौलत हम


( कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री विश्वास कैलाश सारंग )

चुनावी जंग पर फतह पाते हैं । उन्होंने कहा कि पीएम मोदी तथा सुबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार का तेजी से विकास हो रहा है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर प्रहार करते हुए उनके 15 वर्षों के शासनकाल काल को जंगल राज की संज्ञा देते हुए कहा कि अपहरण जैसे रोजी-रोटी फल फूल रहा था। साथ ही कहा कि बिहार में एनडीए का स्वर्णिम काल चल रहा है। मंत्री तथा स्थानीय विधायक जनक सिंह ने पार्टी के मंडल अध्यक्षों, मंडल महामंत्रियों, पंचायत अध्यक्षों, बीएलओ 2 तथा बूथ अध्यक्षों को चुनाव के लिए कमर कस लेने का आह्वान किया। उन्हें चुनावी रण क्षेत्र का योद्धा बताते हुए चुनावी फतह के लिए कई टास्क भी दिए। इसुआपुर के मंडल अध्यक्ष सत्यदेव प्रसाद की अध्यक्षता तथा मंटू सिंह के संचालन में सभा को तरैया के बीजेपी विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक जनक सिंह, सारण जिला भाग पश्चिमी के प्रभारी प्रवीण यादव, रामाधार सिंह, शारदानंद सोनी, सुरेश सिंह, सोनू राज सोनू व अन्य ने भी संबोधित किया।

## मांझी में चौकीदारी परेड का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मांझी थाना परिसर में रविवार को चौकीदारी परेड का आयोजन किया गया। परेड के दौरान चौकीदारों को अनुशासन, सजगता और कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया गया। थानाध्यक्ष आशीष कुमार व अपर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने अपने संबोधन में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण के लिए सतर्क रहने और जिम्मेदारी के साथ चौकीदारों को ड्यूटी निभाने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शराब कारोबारियों और असामाजिक तत्वों पर चौकस नजर रखें और किसी भी सूचना को छुपाने की बजाय तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने चौकीदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता की अवधि में यदि गश्ती में लापरवाही पाई गई तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। परेड के दौरान चौकीदारों की उपस्थिति और अनुशासन की भी समीक्षा की गई। इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य पुलिस तंत्र की नींव माने जाने वाले चौकीदारों को प्रेरित करना और उनकी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाना है। इस अवसर पर क्षेत्र के चौकीदार के साथ साथ थाना के अन्य पुलिसकर्मी व पदाधिकारी गण भी मौजूद थे।



## आवृत्ति इंटरनेशनल से जुड़े बिहार के किसान बागेन्द्र महतो विशेष अतिथि के रूप मे हुए सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** नई दिल्ली में शनिवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आई ए आर आई) द्वारा आयोजित समारोह में प्रखंड के शीतलपुर गांव निवासी व किसान बागेन्द्र महतो को विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। बता दें कि श्री महतो आवृति इंटरनेशनल के प्रमाणित किसान हैं और यह संस्था में तीन वर्षों से सतत प्रयत्न शील हैं। संस्था की निदेशक मनीषा त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य किसानों को न केवल प्रमाणन देना है बल्कि उन्हें वैश्विक मंच पर पहचान दिलाना है। निदेशक विपुल कुमार झा ने कहा कि छोटे किसानों को सशक्त बनाना और उन्हें वैश्विक कृषि मानकों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे प्रमाणित सारण।बिहार। के किसान बागेन्द्र महतो को राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व एवम पीएम की मौजूदगी में सम्मानित होने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। बताते चलें कि उक्त समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 35 हजार 440 करोड़ की दी बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने 11हजार 440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया। अपने सम्बोधन में पीएम ने कहा कि 21वी सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था। यह काम वर्ष 2014 में शुरू हुआ। यह कार्यक्रम 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो भारत को कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से रीठ गांव के साइकिल सवार की मौत

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में मांझी-बरौली एसएच- 96 पर आमडाढी गांव के समीप शनिवार की देर रात हुए सड़क हादसे में एक साइकिल सवार की मौत हो गई। बताया गया कि किसी अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल व्यक्ति को सड़क किनारे गिरा देख कर तत्काल एकमा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर तत्काल एकमा पुलिस मौके पर पहुंची और उसे लेकर एटमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। जांच में मृतक की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के रीठ गांव निवासी चन्द्रमा यादव के पुत्र लगभग 40 वर्षीय त्रिभुवन यादव के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार त्रिभुवन यादव एकमा बाजार स्थित एक दुकान पर काम करता था और रात में साइकिल से घर का आवश्यक सामान लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान आमडाढ़ी गांव के पास यह हादसा हो गया। पुलिस ने रविवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। जहां से पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# वेब पत्रकारिता में सूचिता जरूरी, WJAI सही दिशा में अग्रसर : अश्विनी चौबे

- डिजिटल पत्रकारों की राष्ट्रीय आवाज बना WJAI, दिल्ली में हुआ ऐतिहासिक समागम
- राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल बोले- WJAI पहली आधिकारिक SRB के रूप में डिजिटल मीडिया को दे रहा मजबूत आधार




**दैनिक खोज खबर/नई दिल्ली।** डिजिटल पत्रकारिता को सशक्त दिशा देने और मीडिया के भविष्य को नए आयाम देने के उद्देश्य से वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (WJAI) द्वारा डिजिटल भारत समिट 2025 का भव्य आयोजन राजधानी दिल्ली में किया गया। WJAI की दिल्ली प्रदेश इकाई द्वारा PRIME TIME के सहयोग से यह कार्यक्रम द्वारका सेक्टर 13 स्थित रेडिसन ब्लू होटल में संपन्न हुआ, जिसमें देशभर के डिजिटल पत्रकारों, मीडिया विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पहुंचे पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर और भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे मुख्य अतिथि रहे।

**पत्रकारिता में सूचिता अनिवार्य- अश्विनी चौबे** - कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि डिजिटल मीडिया लोकतंत्र की नई आवाज़ है और इसमें पारदर्शिता एवं सूचिता सबसे बड़ा मूल मंत्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि WJAI ने देशभर के डिजिटल पत्रकारों को एक मज़बूत प्लेटफॉर्म दिया है। यह संगठन न सिर्फ अधिकारों की लड़ाई लड़ रहा है, बल्कि डिजिटल मीडिया के भविष्य को सुरक्षित कर रहा है।

**डिजिटल पत्रकारिता को संगठनात्मक शक्ति देने में WJAI अग्रणी- राष्ट्रीय अध्यक्ष** -इस अवसर पर WJAI के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल ने कहा कि संगठन केवल डिजिटल पत्रकारों को मंच देने का काम नहीं कर रहा, बल्कि वह भारत में डिजिटल मीडिया के लिए एक मजबूत और जवाबदेह व्यवस्था खड़ी कर रहा है। उन्होंने बताया कि WJAI ही देश का पहला संगठन है जो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के Digital Media Ethics Code 2021 के तहत पहली SRB - Web Journalists Standard Authority (WJSA) के रूप में पंजीकृत हुआ है। आज देशभर में सैकड़ों समाचार पोर्टल WJAI से जुड़े हुए हैं और पत्रकारों को कानूनी, नैतिक और पेशेवर मजबूती प्रदान की जा रही है।

**सम्मान समारोह और विचार विमर्श** -सम्मेलन के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. लीना, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अमित रंजन, प्रदेश प्रभारी मधुप मणि पिक्कू सहित कई पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

**डिजिटल पत्रकारिता के भविष्य पर गहन चर्चा** -WJAI ने इस समिट के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया कि आने वाला समय डिजिटल मीडिया का है, और पत्रकारों को संगठित कर उनके अधिकार, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना ही संगठन का लक्ष्य है।

**राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय**-इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्थित छत्तीसगढ़ निवास में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की गई। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही निर्णय लिया गया कि आगामी दिसंबर महीने में अंग प्रदेश भागलपुर में संस्था का स्थापना समारोह मनाया जाएगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन समेत पत्रकारिता क्षेत्र के कई दिग्गज हस्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में WJAI के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल को पत्रकारिता एवं जनसरोकारिता, पत्रकारिता के लिए राष्ट्रीय महासचिव डॉ अमित रंजन, उपाध्यक्ष डॉ लीना, राष्ट्रीय सचिव मधुप मनी पिकु, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मंजेश कुमार, राष्ट्रीय कार्यालय सचिव अकबर इमाम, राष्ट्रीय सचिव चंदन कुमार, अमित शाखेर, निदेशक एवं गणित के जाने माने शिक्षक जी डी ज्ञानी, मीडिया संचार एवं मार्केटिंग के भास्कर झा, पीआर के हिमांशु गुप्ता, अमित सिंह, पत्रकारिता के कुणाल कुमार, सर्विस सेक्टर के राजीव कुमार, पत्रकारिता के संतोष कुमार, राजनीति एवं सामाजिक कार्य के गौतम राधेश्याम मोरारका, पत्रकारिता के सुमित शर्मा, मीडिया और विज्ञापन व्यापार के रौशन कुमार श्रीवास्तव, पत्रकारिता के इमरान खान, पत्रकारिता के लिए पंकज प्रसून, पत्रकारिता के लिए शैलेन्द्र झा, गणपत आर्यन, संतोष झा, विवेक यादव, रेखा करकोटी समेत अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

# कार्यपालक पदाधिकारी के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में नगर पंचायत के कार्यालय परिसर में सभागार में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी मो शहनवाज रजा के तबादला के बाद विदाई समारोह आयोजित किया गया। नये कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार के स्वागतम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौके पर नगर पंचायत के चेयरमैन सोहन महंतों और उप मुख्य पार्षद नमिता सिंह ने फूल माला और अंग वस्त्र देकर नये कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार का स्वागत किया गया वहीं तबादला हुए कार्यपालक पदाधिकारी मो शहनवाज रजा को अंग वस्त्र और अन्य सामान देकर विदाई दी गई।




## अपना बूथ सबसे मजबूत बनाने का संकल्प, कार्यकर्ताओं ने बढ़ाया जनसंपर्क अभियान

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के सूतीहार गांव में भाजपा के पूर्वी तथा मध्य व पश्चिमी मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष रामानंद सिंह ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात के गांधीनगर से विधायक अमित ठाकर उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 10 हजार रुपए देने वाली सरकार को दोबारा लाना जरूरी है ताकि विकास की गाड़ी आगे बढ़ती रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ पर पूरी ताकत से जुटना चाहिए। अपने बूथ पर आप ही मोदी जी हैं, आप ही नीतीश जी हैं, इस भावना से काम करें। जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ है, इसलिए मेरा बूथ सबसे मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हर कार्यकर्ता को सक्रिय रहना चाहिए। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि वे अपने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाएं और जनसंपर्क के माध्यम से उन्हें जागरूक करें।

## दारौंदा जंक्शन से शराब के साथ दो गिरफ्तार



**परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा जंक्शन पर आरपीएफ व जीआरपी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दारौंदा थाना क्षेत्र के सिरसाव निवासी पंकज कुमार व अजय कुमार है। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्रा यादव ने बताया कि रविवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी व सहायक सुरक्षा आयुक्त छपरा के निर्देशानुसार आरपीएफ चौकी दारौंदा टास्क टीम द्वारा दारौंदा जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या दो/तीन पर आपराधिक गतिविधि की निगरानी कर रहे थे। इस दौरान दो व्यक्तियों को ओवर ब्रिज के पास एक-एक थैला लिए हुए बैठे थे। दोनों थैला को जांच किया गया। थैला में 56 बोतल शराब बरामद हुआ। बरामद शराब की कुल कीमत 11 हजार 778 रुपए है।

## बाइक के धक्के से साइकिल सवार घायल

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के चांप गांव के समीप बाइक के धक्के से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान उक्त गांव निवासी मनोज महतो के रूप में हुई है।घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि मनोज महतो शहर से मजदूरी कर घर वापस लौट रहे थे। जहां बाइक चालक ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मौके से बाइक सवार फरार होने में सफल रहा।

## स्माइकर ने मारपीट कर किया घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरी में रविवार को एक स्माइकर ने युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान अयोध्यापुरी निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि राहुल को एक स्माइकर ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच राहुल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## चोरी के मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**सिवान।** आरपीएफ व जीआरपी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी कर भाग रहे चोर को पकड़ लिया। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि आरपीएफ पोस्ट के टास्क टीम द्वारा 11 अक्टूबर को निगरानी कर रहे थे। इस दौरान जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर गाड़ी संख्या 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस के इंजन से पीछे दूसरा सामान्य कोच में चार्जिंग में लगाए गए मोबाइल को चोरी कर भागते समय एक चोर को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से टीम ने चोरी की मोबाइल को बरामद कर लिया। गिरफ्तार चोर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुता मील समीप निवासी इमरान खान है। बरामद सामान की अनुमानित कीमत 15 हजार रुपया है। बताया कि आगे की कार्रवाई हेतु जीआरपी को सौंप दिया गया।

## समारोह आयोजित कर एमओ को दी गई विदाई

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को समारोह आयोजित कर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विनीत कुमार राम को विदाई दी गई। इस मौके पर उन्हें माला पहनाकर उनके कार्यकाल की सराहना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश पांडेय ने की। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का स्थानांतरण गोपालगंज तबादला हुआ है। प्रखंड में उनका कार्यकाल लगभग चार वर्ष का रहा। इस मौके पर डीलर संघ की ओर से उन्हें अंगवस्त्र, सूटकेश, वस्त्र आदि भेंट किया गया। इस अवसर पर सीओ पंकज कुमार, बीडीओ राजेश कुमार, बीपीआरओ मो. शहाब आदि लोगों ने एमओ के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की।

## लोडेड कट्टा के साथ बदमाश गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना की पुलिस ने हबीबनगर स्थित पेट्रोल पंप से दक्षिण तीन मुहानी के समीप से शनिवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर अपराध की योजना एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड कट्टा बरामद की। गिरफ्तार बदमाश की पहचान हबीब नगर निवासी साहेब अली के रूप में हुई है। थाना क्षेत्र के मिहिर कुमार ने बताया कि शनिवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली कि एक बदमाश हबीबनगर स्थित पेट्रोल पंप से दक्षिण तीन मुहानी के समीप सुनसान जगह पर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। तभी पुलिस वहां पहुंच घेराबंदी कर दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। बदमाश की तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड कट्टा व गोली बरामद की गई।

## सराय ओपी : आर्म्स एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**सीवान।** सराय थाना पुलिस ने आज एक्ट का अभियुक्त को रविवार की सुबह गिरफ्तार से कर ली गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र के पुरानी किला पोखरा निवासी अफजल है. मामले में थानाध्यक्ष विकास कुमार बिट्टू ने बताया कि 2023 में अफजल का अभियुक्त बनाया गया था .तब से वह फरार चल रहा था. जहां गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया.

## एक दर्जन वाहनों से वसूला गया जुर्माना

**सीवान ।** सराय पुलिस ने रविवार को वाहन जांच के दौरान तकरीबन एक दर्जन वाहनों से जुर्माना वसुली है.मामले में थानाध्यक्ष विकास कुमार बिट्टू ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर चुनाव को देखते हुए वाहन जांच अभियान चलाया गया.जहां एक दर्जन वाहनों से तेरह हजार की जुर्माना वसूल की गई.इधर इस जांच अभियान के बाद पूरे शहर में हड़कंप मच गया

### सर्पदंश से महिला की मौत

**रघुनाथपुर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के अमवारी गांव में रविवार की सुबह सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतका की पहचान सुदामा साह की पत्नी हेवंती देवी (36) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि हेवंती देवी रविवार की सुबह अपने कमरे में सोई थी। तभी सर्प ने उसे दंश लिया। स्वजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। वहीं पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया।

# जिला मुख्यालय में केंद्रीय बल संग डीएम व एसपी ने किया फ्लैग मार्च



**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में शांतिपूर्ण,निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने शनिवार की देर शाम शहर क्षेत्र में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल एवं जिला पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। डीएम ने कहा कि जिले में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नामांकन कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया। जिला व पुलिस प्रशासन शांतिपूर्ण वातावरण में स्वच्छ व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में हर स्तर पर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में जिले के आठों विधानसभा में आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार की शाम विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी के साथ अर्द्धसैनिक बल,पुलिस बल एवं जिला मुख्यालय में वरीय पदाधिकारी, अर्द्धसैनिक बल एवं पुलिस बल के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाल आमजनों का विश्वास बढ़ाने का कार्य किया गया। साइरन बजाते हुए गुजर रहे प्रशासनिक गाड़ियों के द्वारा आमजनों से निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव में सहयोग करने की अपील की गई। वहीं एसपी ने कहा कि अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और मतदान प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फ्लैग मार्च में डीडीसी मुकेश कुमार, सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता, सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, सदर सीओ रविशेखर, नगर थाना इंस्पेक्टर विजय कुमार चौधरी, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास, महादेवा थानाध्यक्ष विनीत विनायक, सराय थानाध्यक्ष विकास कुमार बिट्टू सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### बाइक व चारपहिया वाहन के साथ अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

गोरेयाकोठी (सिवान)। स्थानीय पुलिस को वाहन जांच अभियान के दौरान दो अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। शनिवार को गोरेयाकोठी थाना में प्रेसवार्ता करते हुए महाराजगंज एसडीपीओ अमन ने बताया कि थानाध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में अफराद मोड़ के समीप चुनाव को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच जिला मुख्यालय की तरफ से बाइक सवार दो युवक पहुंचे व पुलिस को देख भागने लगे, जिसे पुलिस बलों ने पकड़ लिया। दोनों ने अपना नाम थाना क्षेत्र के ही जगरनाथपुर निवासी विवेक कुमार गुप्ता व नीरज कुमार बताया। दोनों ने पूछताछ में बाइक का कागज घर पर होने की बात कही। जब पुलिस घर पहुंच तलाशी ली तो दो गोली, एक यूपी के रजिस्ट्रेशन की कार आदि सामान बरामद की। जबकि बाइक पर सारण जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर था। पूरे तलाशी अभियान में एक बाइक, एक कार, दो मोबाइल, एक स्मार्ट कार्ड, दो मास्टर चाबी, पांच अन्य बाइक की चाबी, दो गोली, एक खोखा, एक फाइटर व दो नंबर प्लेट की बरामदगी हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों बदमाशों की आपराधिक पृष्ठभूमि का भी पता लगाया जा रहा है।

## मैरवा के निजी अस्पताल-अल्ट्रासाउंड पर कार्रवाई न होने से स्वास्थ्य मंत्री आवास पर आत्मदाह की चेतावनी

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले के मैरवा क्षेत्र में संचालित कई निजी अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उचित कार्रवाई न किए जाने के विरोध में विश्व हिंदू सेना के राष्ट्रीय सचिव दिग्विजय चौबे ने गंभीर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी को आवेदन देकर कहा है कि 13 अक्टूबर तक कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वे पटना स्थित स्वास्थ्य मंत्री के आवास के सामने आत्मदाह करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि 13 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो यह कदम उठाया जाएगा।दिग्विजय चौबे ने कहा कि मैरवा में अभी भी कई अवैध निजी अस्पताल और अल्ट्रासाउंड संचालित हो रहे हैं और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल रोड, भोपतपुरा, मझौली रोड, मेडिकल कॉलेज रोड सहित अन्य स्थानों पर ऐसे अस्पताल खुले हैं, जिनमें बोर्ड पर डॉक्टरों के नाम तो हैं, लेकिन वे डॉक्टर वाराणसी, गोरखपुर और देवरिया में बैठते हैं। इसके बावजूद मरीजों का इलाज किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों का शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी कारण मैरवा, गुठनी और दरौली के अधिकांश मरीज इलाज के लिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों तक जा रहे हैं। अधिकांश हॉस्पिटल बिना डिग्री धारियों के द्वारा संचालित किए जा रहे हैं और उनके द्वारा ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निजी अस्पताल अवैध रूप से चलाने में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की मिलीभगत है।दिग्विजय चौबे ने कहा कि बार-बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद चार सितंबर को भेजे गए पत्र के आधार पर केवल एक अस्पताल की जांच की गई और खानापूर्ति कर दी गई।उन्होंने कहा कि पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर 13 अक्टूबर तक कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में मैरवा के लोग न्याय न पाने की स्थिति में उनके द्वारा निर्धारित तिथि पर स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर आत्मदाह किया जाएगा।उन्होंने यह भी जोर दिया कि मैरवा के निजी अस्पतालों में जिन डॉक्टरों का बोर्ड लगा है,उनकी डिग्री की जांच आवश्यक है। एक-एक डॉक्टर तीन से चार हॉस्पिटल चला रहे हैं और लगातार मरीजों का शोषण किया जा रहा है।आए दिन झोला छाप डॉक्टरों द्वारा इलाज के दौरान मौत की घटनाएं भी हो रही हैं।अंत में दिग्विजय चौबे ने प्रशासन से मांग की कि मैरवा में अवैध हॉस्पिटल और अल्ट्रासाउंड संचालित करने वालों पर तत्काल जांच और कार्रवाई की जाए।

# सीवान : किराएदार को भी मिलेगा पीएम सूर्य घर योजना का लाभ

**परवेज अख्तर/सीवान।** मकान मालिक के अलावा किराएदार को भी पीएम सूर्य घर योजना का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए कुछ शर्तो का पालन करना होगा। किराएदार को सोलर पैनल लगाने के लिए उनके नाम से बिजली का कनेक्शन अनिवार्य होगा तथा मकान मालिक के छत पर सोलर लगाने के लिए लिखित अनुमति देना अनिवार्य होगा। वहीं मकान बदलने की स्थिति में छत से सोलर हटाकर कहीं अन्य जगह आसानी से स्थापित किया जा सकता है। इस योजना से जुड़कर मुफ्त बिजली प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए कुछ शर्तो का पालन करना होगा। सोलर पैनल इस योजना के तहत सोलर पैनल उपभोक्ता के घर की छत पर लगाए जाएंगे। एक किलो वाट के पैनल के लिए कम से कम 130 वर्ग फीट जगह की आवश्यकता होगी। वहीं दो किलो वाट सिस्टम के लिए 200 वर्ग फीट जगह चाहिए। पैनल का वजन प्रति वर्ग मीटर 10 से 20 किलोग्राम के बीच होता है, इसलिए छत की मजबूती आवश्यक होगी। पैनल अधिष्ठापन के पूर्व उसके लिए आवश्यक छत पर जगह और छत की मजबूती की जांच की जाएगी। सोलर पैनल अधिष्ठापन के लिए इस योजना के अंतर्गत एक किलोवाट सोलर पैनल पर केंद्र सरकार 30 हजार रुपये, दो किलो वाट पर, 60 हजार रुपये, तीन किलो तथा इससे अधिक पर 78 हजार रुपये सब्सिडी दे रही है। बता दें कि एक किलोवाट सोलर पैनल की कुल लागत लगभग 60 से 70 हजार के बीच आती है। ऊर्जा की बचत और पर्यावरण सुरक्षा भी पीएम सूरज घर योजना का उद्देश्य ऊर्जा की बचत के साथ पर्यावरण की सुरक्षा करना भी है। उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के बाद बिजली बिल का बोझ काम होगा।

### कहते हैं अधिकारी :

किराएदार को भी पीएम सूर्य घर योजना का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए कुछ शर्तो का पालन करना होगा। किराएदार को सोलर पैनल लगाने के लिए उनके नाम से बिजली का कनेक्शन अनिवार्य होगा तथा मकान मालिक के छत पर सोलर लगाने के लिए लिखित अनुमति देना अनिवार्य होगा।-

**रोशन कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग**

# हसनपुरा में होल्डिंग टैक्स शिविर का आयोजन आज से

**हसनपुरा (सिवान)।** नगर पंचायत हसनपुरा द्वारा होल्डिंग टैक्स वसूली को लेकर एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। इस क्रम में सोमवार से नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में होल्डिंग टैक्स से संबंधित शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों का नेतृत्व कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार राज कर रहे हैं। नगर पंचायत द्वारा तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार सभी 19 वार्डों में चयनित स्थलों पर शिविर लगाए जाएंगे, ताकि नागरिकों को घर के पास ही होल्डिंग टैक्स जमा करने की सुविधा मिल सके। यह शिविर वार्ड संख्या एक में उमेश यादव के दरवाजे पर, वार्ड संख्या दो में ब्रह्म स्थान के समीप, वार्ड संख्या तीन में उसरी दरगाह के समीप, वार्ड संख्या चार में उसरी दरगाह के समीप, वार्ड संख्या पांच में राजकीय मध्य विद्यालय उसरी के परिसर में, वार्ड संख्या छह में वार्ड पार्षद के दरवाजे पर, वार्ड संख्या सात में काली स्थान चौक अरंडा, वार्ड संख्या आठ में गढ़हवा टोला चौक के समीप, वार्ड संख्या नौ में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय टड़ीला, के दरवाजे पर शिविर लगाया जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से नागरिकों को होल्डिंग टैक्स जमा करने में सहूलियत मिलेगी और नगर पंचायत की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे समय पर टैक्स जमा कर नगर के विकास में सहयोग करें।


## न्यू बिहार टीवीएस शोरूम में आकर्षक आफर का उठाएं लाभ

**सिवान।** शहर के श्रीनगर स्थित टीवीएस बाइक शोरूम न्यू बिहार टीवीएस फेस्टिवल में बाइक खरीदने वाले ग्राहकों के लिए कई आकर्षक आफर दे रही है। यहां धनतेरस के लिए बाइक की बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को निश्चित उपहार दिया जा रहा है। जबकि बाइक फाइनेंस कराने पर ब्लूटूथ उपहार में मिल रहा है। अपाचे की खरीदारी पर वेलकिट भी ग्राहकों को मिल रहा है। शोरूम के मालिक रिजवान अहमद ने बताया कि जीएसटी की कटौती के बाद टीवीएस की स्कूटी एवं बाइकें पांच हजार से 25 हजार तक सस्ती हो गई है। हमारे यहां जीरो डाउन पेमेंट के साथ सबसे कम ब्याज दर पर बाइक फाइनेंस की सुविधा दी जा रही है। प्रोपराइटर ने कहा कि यहां फेस्टिवल में हर बाइक की खरीदारी पर ग्राहकों के लिए निश्चित उपहार है। शोरूम में आईक्यूब ईवी स्कूटी, एक्सएल-100, अपाचे सीरीज, जुपिटर-110, विक्टर स्पोर्ट्स, एन टार्क, रेडियन आदि बाइक की खरीदारी कर ग्राहक आकर्षक डिस्काउंट व कई अन्य आफर का लाभ उठा सकते हैं।


### साइकिल पाते ही गुड़िया के चेहरे पर झलकी खुशी

सिवान। जिले के दारौंदा प्रखंड के सतजोड़ा निवासी गुड़िया कुमारी को पटना निवासी गौरव राय के प्रयास से दिया गया। इस संबंध में गौरव राय ने बताया कि इस बच्ची के बारे में जब पता चला तो उन्होंने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से आपस में राशि का इंतजाम करा कर साइकिल की व्यवस्था कराई। गौरव राय ने बताया कि हम लोग बिना एनजीओ ऐसे जरूरतमंदों की खोज कर इसके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रहे हैं। आज तक पूरे बिहार में 310 साइकिल का वितरण आपसी सहयोग से कराया जा चुका है। वहीं साइकिल मिलने के बाद गुड़िया के चेहरे पर खुशी देखी गई।

# कौशल गिरि के कौशल से नेशनल एथलेटिक्स में बजा बिहार का डंका

**सिवान।** भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में गत 10 से 14 अक्टूबर तक चल रहे 40 वीं नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 प्रतियोगिता में जिले के विज्ञानानंद केंद्रीय विद्यालय का छात्र कौशल गिरि ने कांस्य पदक हासिल कर बिहार का नाम रोशन किया है। इस नेशनल प्रतियोगिता में देश के कोने-कोने से सैकड़ों प्रतिभागी हिस्सा लिए हैं। सदर प्रखंड के चनौर निवासी पदमकेश्वर गिरि के पुत्र व विद्यालय का 11वीं कक्षा का छात्र कौशल गिरि ने अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन बालक वर्ग में अंडर-16 शाटपुट स्पर्धा में 16.04 मीटर का शानदार थ्रो कर बिहार को कांस्य पदक दिलाने में कामयाबी हासिल की है। कौशल गिरि के इस उपलब्धि पर उसके स्वजन सहित पूरा विद्यालय परिवार गौरवांवित है। निदेशक विलास गिरि ने कहा कि कौशल ने अपने नाम के अनुरुप कौशल का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर परिवार, स्कूल के साथ राज्य का मान बढ़ाया है। वहीं प्राचार्य जयाप्रदा कुमारी व खेल प्रशिक्षक अरविंदम चटर्जी ने कौशल को बधाई देते हुए आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया है।

# राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह और ग्रामीणों ने एक दूसरे के खिलाफ दर्ज करवाई प्राथमिकी

### पुलिस कर रही है मारपीट मामले की जांच

**पटना/डेहरी आनसोन।** बिहार में रोहतास जिले के डेहरी विधानसभा क्षेत्र के आयरकोठा थाना क्षेत्र के चिलबिला गांव में क्षेत्र भ्रमण कर लौट रहे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक फतेह बहादुर सिंह और ग्रामीणों के बीच हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने दोनों तरफ से दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है। आयरकोठा के थानाध्यक्ष शिवम कुमार के अनुसार शिवपुरी गांव से कार्यक्रम कर लौट रहे राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह और ग्रामीणों के बीच हंगामा एवं मारपीट मामले में दोनों ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। घटना के वीडियो फुटेज भी प्राप्त हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि शिवपुर गांव से कार्यक्रम पर लौट रहे राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह चिलबिला गांव गए थे। वहां विधायक से नाराज ग्रामीणों ने कहा कि आप पांच वर्ष बाद यहां आए हैं। साथ ही विधायक को काली मंदिर में दर्शन करने की बात कही, जिस पर विधायक ने दर्शन करने से मना कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने विधायक की गाड़ी को रोक कर मुर्दाबाद का नारा लगाना शुरू कर दिया। इससे नाराज विधायक के बाडीगार्ड और ग्रामीणों के बीच कहासुनी व मारपीट हो गई। विधायक पर गांव के ही युवक राहुल कुमार को अपनी गाड़ी में बैठाकर ले जाने का आरोप है। ग्रामीणों के हल्ला हंगामा के बाद तेज रफ्तार गाड़ी से राहुल को नीचे फेंक दिया गया था, जिसमें उसे गंभीर छोट आई है। वहीं, विधायक ने बताया कि ग्रामीणों ने उनकी गाड़ी पर पथराव और बॉडीगार्ड के साथ मारपीट की है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।